तापमान
अधिकतम 35.5 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
हिसार भूमि
रोहतक, मंगलवार 1 अप्रैल 2025

11 ओपी जिन्दल की 20वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

12 एक लाख लेते लाखनमाजरा थाना का एसआई रंगे हाथों...

खबर संक्षेप

शराब की अवैध भट्ठी चलाते एक काबू

हांसी। बास थाना पुलिस ने सोमवार को शराब की अवैध भट्ठी चलाते हुए युवक को काबू कर उसके पास से 235 लीटर लाहन व 6 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब (हथकढ़) बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बास अकबरपुर निवासी देवी राम के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार बास थाना पुलिस को सूचना मिली थी की एक व्यक्ति अपने खेत मे पेड़ के नीचे भट्टी लगाकर अवैध शराब निकाल रहा है। सूचना के आधार बास थाना पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर दबिश देकर आरोपी के पास से 235 लीटर लाहान, 6 लीटर कच्ची अवैध शराब, एक गैस सिलेण्डर व भट्ठी में प्रयुक्त अन्य सामान बरामद कर कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी का काबू कर लिया।

कबीर चौक में चौगानन माता का जागरण आज

हिसार। मोहल्ला डोगरान कबीर चौक स्थित चौगानन माता का प्रथम विशाल जागरण 1 अप्रैल को मोहल्ला डोगरान कबीर चौक पर आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति के श्रवण बागड़ी पूर्व प्रधान धानक सभा हिसार ने कहा कि जागरण का आयोजन भगत चरण दास के सानिध्य एवं अध्यक्षता में होगा। श्रवण बागड़ी ने बताया कि माता का यह भव्य जागरण पहली बार आयोजित किया जा रहा है जिसमें माता के सभी भक्तों का सहयोग रहेगा।

मोबाइल फोन छीनने के दो आरोपी गिरफ्तार

हिसार। आजाद नगर थाना पुलिस ने कैमरी पुल के पास पैदल जा रहे व्यक्ति से मोबाइल फोन छीनने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें श्याम विहार कॉलोनी निवासी सुरेश और मंगाली सुरतिया निवासी संतलाल शामिल है। पुलिस ने आरोपियों से मोबाइल फोन और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। मुख्य सिपाही पंकज ने बताया कि इस संबंध में अमरदीप कॉलोनी निवासी पवन कुमार ने मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों द्वारा मोबाइल फोन छीनने के बारे में शिकायत दी थी।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने आईटीआई छात्र की मौत

हांसी। भिवानी हांसी रोड स्थित जीता खेड़ी गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आईटीआई में पढ़ने वाले छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान 17 वर्षीय साहिल के रूप में हुई है। साहिल जमालपुर स्थित आईटीआई में पढ़ रहा था। सूचना मिलने पर बवानी खेड़ा थाना पुलिस ने हांसी नागरिक अस्पताल पहुंच शव को कब्जे में लेकर मृतक के चाचा कृष्ण की शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने व गैर इरादतन हत्या के तहत मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में किया महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का लोकार्पण

अगले पांच साल में देश के प्रत्येक जिले में होगा मेडिकल कॉलेज, समय पर मिलेगा इलाज: शाह

कॉलेज परिसर में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त आईसीयू ब्लॉक का उद्घाटन एवं पीजी हॉस्टल का भी किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार देश मे मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर खास तौर पर काम कर रही है। 64 हजार करोड़ रुपये पब्लिक और कम्युनिटी हेल्थ सेंटर के इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए खर्च किए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में आज देश में 23 एम्स है। मोदी जब प्रधानमंत्री बने तो थे तो देश में 7 एम्स थे।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सदृढ़ और बेहतरीन बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में आने वाले 5 साल के अंदर देश का एक भी ऐसा जिला नहीं बचेगा जहां, मेडिकल कॉलेज नहीं होगा। भाजपा शासित राज्य के हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज बनाए जाने को लेकर पहले से ही काम चल रहा है, इतना ही नहीं आने वाले दिनों में मेडिकल से सम्बंधित सीट की संख्या में भी इजाफा होगा। केंद्रीय मंत्री सोमवार को अग्रोहा स्थित महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज में आयोजित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का अनावरण और आईसीयू ब्लॉक का उद्घाटन तथा पीजी हॉस्टल के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा, स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव, सांसद नवीन जिंदल, पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु भी उपस्थित रहे।

मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को कर रहे मजबूत

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार देश मे मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर खास तौर पर काम कर रही है। 64 हजार करोड़ रुपये पब्लिक और कम्युनिटी हेल्थ सेंटर के इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए खर्च किए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में आज देश में 23 एम्स है। मोदी जब प्रधानमंत्री बने तो थे तो देश में 7 एम्स थे। इनमें से 6 तो अटल जी के समय के थे। कांग्रेस के राज में 1 ही एम्स बना। इसी तरह से मेडिकल कालेज की संख्या में इजाफा किया गया। 387 से दोगुनी करके इनकी संख्या 766 हो गई है। मेडिकल की सीटों में भी बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने कहा कि आगामी समय में मेडिकल कालेज में 85 हजार एमबीबीएस की सीट और बढ़ेंगी और आने वाले वक्त में 2 लाख मेडिकल सीट हो जाएंगी। इसी के अनुपात में पैरामेडिकल की सीटों में भी इजाफा होगा।

अपने सम्बोधन में केन्द्रीय गृह मंत्री ने हरियाणा आने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का अनावरण उनके हाथ से होना, उनके स्वयं के लिए बड़ी बात है। उन्होंने गुरु अंगद देव को भी नमन करते हुए उनकी शहादत तथा सिख गुरुओं द्वारा देश के लिए दिए गए बलिदान को भी याद किया। उन्होंने कहा कि आज स्वर्गीय ओपी जिंदल की पुण्यतिथि है,उनकी सोच पर चलते हुए आज अग्रोहा मेडिकल कालेज जन सेवा का कार्य कर रहा है। यह अस्पताल कारोबार से पहले करुणा की उनकी सोच को दर्शाता है। इस अस्पताल में 5 लाख लोग ओपीडी की सेवा लेते हैं। स्वास्थ्य सेवाओ में यह संस्था अपना अलग स्थान बनाये हुए है। उन्हें उम्मीद है कि आने वाले समय में आधुनिक तरीको से यहां मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती राव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, सांसद नवीन जिंदल, विधायक सावित्री जिंदल, विधायक विनोद भयाना, रणधीर पनिहार, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, डॉ. डीपी वत्स, मेयर प्रवीन पोपली, भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, पूर्व स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, अनूप धानक, दुड़ाराम, हिसार जिलाध्यक्ष आशा खेदड़, हांसी जिलाध्यक्ष अशोक सैनी, उपायुक्त अनीश यादव, महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. आशुतोष शर्मा, अलका छाबड़ा सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

हिसार। महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज अग्रोहा में महाराजा अग्रसेन की भव्य प्रतिमा का लोकार्पण करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, साथ में हैं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा, स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव, सांसद नवीन जिंदल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली, विधायक सावित्री जिंदल व अन्य व महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज अग्रोहा में पहुंचने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत करते पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु। **फोटो :हरिभूमि**

20 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज अग्रोहा के परिसर में महाराजा अग्रसेन की भव्य प्रतिमा का लोकार्पण किया। महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा 20 फीट ऊंची और 800 किलोग्राम वजनी है। प्रतिमा का निर्माण फाइबर ग्लास और माइल्ड स्टील से किया गया है, जिस पर करीब दो करोड़ रुपये की लागत आई है। प्रतिमा के नीचे 10 फीट ऊंचा प्लेटफार्म बनाया गया है, जिससे इसकी भव्यता और अधिक प्रभावशाली नजर आती है। महाराजा अग्रसेन की इस प्रतिमा का अनावरण क्षेत्र में एक नई ऐतिहासिक पहचान स्थापित करेगा।

महाराजा अग्रसेन के कार्यकाल को किया याद

केंद्रीय गृहमंत्री ने महाराजा अग्रसेन के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी दूरगामी सोच थी। महाभारत काल से लेकर आज तक अनूठे प्रकार के शासन को उन्होंने चलाया। 5300 साल पहले उन्होंने इस विचार की नींव रखी थी कि उनके शहर में अगर कोई आता है वो लखपति होगा, उसका खुद का घर होगा। उनकी सोच राज्य के संस्कारों को सिंचित करने की थी। उन्होंने सुनिश्चित किया था कि उनके राज्य में कोई भूखा न सोए, ऐसा कोई न हो जिसके सिर पर छत न हो, या कोई व्यक्ति ऐसा न हो जिसका कारोबार न हो। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने सुशासन के लिए सिद्धांत प्रस्थापित किया। उसी रस्ते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी चल रहे है। सरकार का विजन हर वर्ग का उत्थान करना है। इसी कड़ी में करोड़ो लोगों को आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाई गई। 18 करोड़ जरूरतमंदों को राशन, 11 करोड़ लोगों को गैस सिलेण्डर मुहैया करवाकर धुएं से निजात दिलवाई। इसी तरह महिलाओं की सुविधा के लिए शौचालय बनाए गए। कोऑपरेटिव के साथ रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में भी सरकार काम कर रही है। 10 साल में अमूल चूल परिवर्तन आए हैं।

विकास में हरियाणा ने रचा इतिहास

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि चुनाव से पहले उन्होंने श्री नायब सिंह सैनी को 22 अहम जन भलाई के कार्य करने को कहा था। तब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उन्हें कहा कि हो जाएंगे और इन्होंने अढ़ाई महीने में ही पूरे किए। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार जहां जहां बनी है, वहां विकास को गति मिली है। अमित शाह ने कहा कि हरियाणा ऐसा पहला प्रदेश है जहां 24 फसलें एमएसपी पर खरीदी जाती है। मालिकाना हक लाल डोरे में आने वालों को दिया जा रहा है। यहां एक भी सरपंच अनपढ़ नहीं है। हरियाणा पहला ऐसा प्रदेश है जहां 50 फीसदी महिलाओं को पंचायत में भागीदार बनाया है। साफ पानी की उपलब्धता की बात हो या फिर गैस सिलेंडर हर घर में उपलब्ध करवाकर धुंआ रहित हरियाणा बनाने का श्रेय इसी प्रदेश को जाता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जीडीपी के साथ साथ जनता की सुख सुविधा, गरीबों को आगे लाने की योजना बनाने के साथ साथ इंफ्रास्ट्रक्चर को भी अग्रणी लेकर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 10 साल में यूपीए के वक्त हरियाणा को केंद्र की ओर से विकास के लिए 41 हजार करोड़ दिया गया, जबकि केंद्र की बीजेपी सरकार ने 1 लाख 43 हजार करोड़ रुपये दिया। विकास के मामलों में

मुख्यमंत्री ने किया संबोधित किया

समारोह को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा आने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत करते हुए कहा कि समाजवाद, राष्ट्रीय एकता, अहिंसा और मानव सेवा की प्रतिमूर्ति महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा का अनावरण हुआ है। साथ ही मेडिकल कॉलेज में नवनिर्मित आई.सी. यू. का उद्घाटन और पी. जी. छात्रावास का शिलान्यास भी किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को मेडिकल हब बनाने का विजन रखा है। इसे साकार करने के लिए पर्याप्त डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ का उपलब्ध होना जरूरी है। इसलिए हरियाणा सरकार हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित कर रही है। इस समय प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 15 हो गई है। इनमें से 9 मेडिकल कॉलेज हमारे कार्यकाल में खुले हैं तथा 9 निर्माणाधीन हैं। इनके अलावा, बाढ़सा, जिला झज्जर में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान खोला गया है। माजरा, जिला रेवाड़ी में एम्स भी स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में वर्ष 2025-26 का राज्य बजट प्रस्तुत किया है। इसमें स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 9,391 करोड़ रुपये के बजट को बढ़ाकर 10,159 करोड़ रुपये किया गया है।

कॉलेज में नव-निर्मित आईसीयू कक्ष का उद्घाटन

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज में नवनिर्मित आईसीयू कक्ष का उद्घाटन किया। उद्घाटन किए गए नव-निर्मित आईसीयू आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित है। इससे गंभीर मरीजों को त्वरित एवं सटीक उपचार उपलब्ध होगा। इस आईसीयू ब्लॉक में 32 बेड हैं और इसके निर्माण पर 3.5 करोड़ की लागत आई है। इसके अलावा, पीजी हॉस्टल के शिलान्यास के साथ ही मेडिकल छात्रों को आवासीय सुविधा का विस्तार मिलेगा।

मुस्कान के बिना मुख खिलता नहीं और सद्ज्ञान के बिना सुख मिलता नहीं : आत्म प्रकाश

पीस पैलेस में दो दिवसीय योग भट्ठी कार्यक्रम आयोजित

हम आत्मा ही शरीर द्वारा पूरा जीवन अलग-अलग रोल निभाते है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज के बालसमंद रोड स्थित पीस पैलेस में दो दिवसीय योग भट्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। हिसार केंद्र की संचालिका बी.के. बहन रमेश कुमारी ने बताया कि इस कार्यक्रम में बी.के. आत्म प्रकाश मधुबन से विशेष रूप से उपस्थित हुए जिन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित किया।

बी.के. आत्म प्रकाश ने बताया कि वर्तमान समय में यदि मानव अपने जीवन में छाई किसी भी प्रकार की नकारात्मकता को समाप्त कर एक खुशहाल और निश्चिंत जीवन जीना चाहता है तो उसके लिए उसे खुद में और परमात्मा में खो जाने की कला सीखनी चाहिए। यह 'गॉडली' यूनिवर्सिटी हमें खुद का और परमात्मा का दोनों का अध्ययन करवाती है अर्थात हमें पता चलता है कि हम खुद एक अविनाशी शक्तिशाली आत्मा और उस अविनाशी परम पिता परमात्मा की संतान हैं। हम आत्मा ही शरीर द्वारा पूरा जीवन अलग-अलग रोल निभाते हैं। जिस प्रकार संसार में एक बच्चे के लिए पिता का और मां का प्यार उसके जीवन को कितना खुशहाल और निश्चित बनाता है। ठीक उसी प्रकार आध्यात्मिक ज्ञान जो इस 'गॉडली' यूनिवर्सिटी में सिखाया जाता है। वह हमें बताता है कि आत्मा को उसके पिता परमात्मा का प्यार कैसे खुश और निश्चिंत कर सकता है। यह ज्ञान प्राप्त करके ही हम जान पाते हैं कि पिता परमात्मा का प्यार ही आज संसार में विश्वास पात्र प्यार है केवल परमात्मा प्यार ही 'अनकंडीशनल' अविनाशी निस्वार्थ सच्चा प्यार है। उन्होंने कहा कि मुस्कान के बिना मुख खिलता नहीं और सद्ज्ञान के बिना सुख मिलता नहीं।

हिसार। बी.के. आत्म प्रकाश पीस पैलेस में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मुख्य रूप से दीपिका जिंदल, सोम प्रकाश, डॉ राकेश मलिक, अजीत कुंडू, बीके रमेश कुमारी, बीके अनिता, बीके अंतिमा, बीके नीरज, बीके वन्दना, बी.के. मंजू, डॉ. ऋषि तायल, डॉ बी. बी. बांगा, डॉ. बेरवाल, बीके महेश, बीके रीता बांगा व डॉ. राज सिंह आदि उपस्थित रहे।

विवाह समारोह से लौट रहे चार भाई-बहनों को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, गंभीर हालत में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

डाटा-मोठ रोड़ पर रविवार देर रात एक ट्रैक्टर चालक द्वारा सड़क किनारे खड़े चार चचेरे भाई बहनों को टक्कर मार कर घायल किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सभी घायल को उपचार के लिए एंबुलेंस की मदद से हांसी के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां उनका उपचार किया जा रहा है। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने नागरिक अस्पताल पहुंच घायलों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में कोथ कलां निवासी 24 वर्षीय अजय ने बताया कि रविवार को अपने चचेरे भाई बहनों के साथ एक विवाह समारोह में बरवाला रोड़ स्थित भाटला गांव आया हुआ था और विवाह समारोह समाप्त होने के बाद वह अपने चाचा के बच्चों डिंपल (18), शिक्षा (14) और साहिल (10) के साथ बाइक पर सवार होकर वापस अपने गांव कोथ कलां लौट रहे थे। कि डाटा-मोठ रोड पर रास्ते में अचानक उसकी बहन डिंपल की तबीयत खराब हो गई, जिसके कारण उसे बाइक रोकनी पड़ी। उन्होंने बताया कि बहन की तबीयत खराब होने के चलते वह बाइक रोक कर सड़क किनारे खड़े हुए थे कि इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर ने चारों भाई-बहनों को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद मची चीख पुकार के बाद आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंच ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया। उन्होंने फोन कर मौके पर एंबुलेंस को बुलाया और और उपचार के लिए हांसी नागरिक अस्पताल पहुंचाया। अजय के अनुसार चालक पूरी तरह नशे में धूत था और नशे के चलते ट्रैक्टर पर से नियंत्रण खो देने के कारण यह हादसा हुआ। हादसे में अजय व शिक्षा के पैर में तथा डिंपल के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गहरी चोटें आई हैं।

जिले में साइबर ठगों ने युवक को 4.79 लाख की चपत, एमबीबीएस के छात्रा से 70 हजार की ठगी

युवक को वीआईपी नंबर की चाहत पड़ी भारी

वीआईपी नंबर पोर्ट करवा लगाई 4.79 लाख की चपत, फेसबुक पर दिए विज्ञापन को देख युवक ने किया था संपर्क

जिले में साइबर अपराधी सक्रिय, नए-नाए तरीकों से बना रहे शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

फेसबुक पर दिए गए एक विज्ञापन को देख कर आनलाइन वीआईपी नंबर लेने की चाहत एक युवक को उस वक्त भारी पड़ गई जब साइबर ठगों ने वीआईपी नंबर की सीम देने चक्कर में युवक को 4.79 लाख रुपए की चपत लगा दी। ठगी का शिकार होने का अहसास होने पर युवक ने तुरंत आनलाइन शिकायत दर्ज करवाने के बाद साइबर थाना में शिकायत दर्ज करवाई है। साइबर थाना में दी शिकायत में सिसाय पुल के समीप रहने वाले मंगल ने कहा है कि वह नक्शा नवीस का काम करता है और उसने कुछ दिन पहले फेसबुक पर वीआईपी फोन नंबर का विज्ञापन देखा। जिसमें से उसे एक नंबर पसंद आया। और उसके बाद उसने फेसबुक पर दिए गए पर संपर्क साधा, तो फोन उठाने वाले व्यक्ति ने अपना नाम हरविंदर बताया और कहा कि वह स्वयं भी हांसी का रहने वाला है। हरविंदर ने मंगल को विश्वास दिलाया कि वह मोबाइल सिम बेचने का कार्य करता है। और उसके पास जिओ कंपनी का मोबाइल नंबर वीआईपी है, और वह इसको बेचना चाहता है। जिसके बाद दोनों के बीच 4500 रुपए में सौदा तय हुआ और वह मंगल वह नंबर लेने के लिए सहमत हो गया। जिसके बाद हरविंदर ने मंगल से 4500 रुपए की मांग की, कि वह उसको पोर्ट कोड दे देगा, जिसकी सहायता से वह किसी भी डीलर से इसी नंबर का दूसरा सिम निकलवा सकता है। 4500 रुपए लेकर हरविंदर ने मंगल को पोर्ट कोड दे दिया और वह पोर्ट कोड मान्य भी हो गया। और उसके बाद उसने उस वीआईपी नंबर की डुप्लीकेट सिम निकलवा ली। लेकिन उसके उसी दिन शाम को हरविंदर ने फोन करके कहा कि जिस कंपनी से उसने यह पहले सिम ले रखा था, उसका बिल बकाया है, जो तुम्हें चुकाना होगा। हरविंदर ने मंगल को विश्वास में लेकर धीरे-धीरे कर फाइल ट्रांसफर होने का झांसा देकर अपने मोबाइल नंबर पर पैसे ट्रांसफर करवाता रहा। मंगल ने बताया कि उस व्यक्ति ने अलग-अलग खातों में काफी पैसे ट्रांसफर करवा लिए। इस दौरान अपना खाता खाली करने के बाद मंगल ने उधार लेकर भी पैसा इन लोगों के खाते में ट्रांसफर किया।

साइबर ठग ने पिता का दोस्त बनकर एमबीबीएस छात्रा के साथ की 70 हजार की धोखाधड़ी

हांसी। साइबर ठगों ने एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही छात्रा से 69 हजार 990 रुपए ठग लिए। आरोपी ने पिता का दोस्त बनकर लड़की को फोन किया। और जब छात्रा के पिता के पास रुपए कटने का मैसेज गया तब उसे ठगी का एहसास हुआ। साइबर थाना पुलिस छात्रा की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में छात्रा के पिता रुप नगर कालोनी निवासी अमित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में अमित कुमार ने बताया कि वह पेशे से वकील है। और उसकी बेटी एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है। 20 मार्च को उसकी बेटी के मोबाइल पर कॉल आया और फोन करने वाले व्यक्ति ने मेरी बेटी को मेरा का दोस्त बताते हुए कहा कि मैंने आपके पिता को 5 हजार रुपए देने थे लेकिन उसने गलती से 75 हजार ट्रांसफर कर दिए हैं। और उसके बाद उस वक्त ट्रांजैक्शन का फेक मैसेज भी मेरी के पास भेज दिया। फोन करने वाले व्यक्ति ने कहा कि आपके पापा के खाते में रुपए आ चुके हैं। तुम उन्हें वापस भेज दें। वकील ने बताया कि उसकी बेटी ने उस मैसेज को सच मानकर तीन ट्रांजैक्शन के माध्यम से 69 हजार 990 रुपए उस व्यक्ति के द्वारा बताए गए नंबर पर यूपीआई से ट्रांसफर कर दिए।

मुख्यमंत्री ने महाराजा अग्रसेन हिसार हवाई अड्डे का किया दौरा

- प्रधानमंत्री का 14 अप्रैल को हिसार में दौरा है प्रस्तावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 अप्रैल को प्रस्तावित हिसार दौरे की तैयारियों के मद्देनजर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को महाराजा अग्रसेन हिसार हवाई अड्डे का दौरा किया और वहां चल रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने हवाई अड्डे की परियोजनाओं से संबंधित अधिकारियों को चालू कार्यों में तेजी लाने की हिदायत दी, साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारियों को 14 अप्रैल के प्रस्तावित दौरे के मद्देनजर अग्रिम तैयारियां करने के लिए कहा।

हिसार। एयरपोर्ट का दौरा करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

गौरतलब है कि हिसार एयरपोर्ट से अयोध्या सहित विभिन्न राज्यों के लिए यात्री सेवाएं आरंभ करने की योजना फलीभूत होने जा रही है। गत शुक्रवार को ही महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे पर एलायंस एयर के यात्री विमान की सफलतापूर्वक ट्रायल लैंडिंग करवाई गई जो बेहद सफल रही थी। एलायंस एयर के जिस विमान से ट्रायल लैंडिंग करवाई गई है।

हरिभूमि
सहेली



हमारा शारीरिक ही नहीं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना भी बहुत जरूरी है। जब हम महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य की बात करते हैं तो आज की जीवनशैली में अधिकांश महिलाएं कई तरह की मनोवैज्ञानिक समस्याओं से घिरकर मानसिक रूप से अस्वस्थ रहती हैं। समय रहते इन्हें समझना बहुत जरूरी है, क्योंकि इसके घातक परिणाम हो सकते हैं। आजकल महिलाएं किन मानसिक समस्याओं से घिरती हैं, इनके शुरुआती लक्षण क्या हैं, बचाव के लिए किन बातों का ध्यान रखें? विशेषज्ञ की जरूरी सलाह।

मन को न रखें बीमार रहें हमेशा खुश

कवर स्टोरी

डॉ. विपुल रस्तोगी
सीनियर कंसल्टेंट-साइकेट्रिस्ट

हम अपने शारीरिक स्वास्थ्य के लिए तो चिंतित रहते हैं, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य पर अकसर ध्यान नहीं देते, जो बहुत जरूरी है। दरअसल, समय के साथ समाज बदल रहा है। आज के इस बदलते दौर में लोगों की व्यस्तता बहुत ज्यादा बढ़ चुकी है। लोगों के पास अपने परिवार के सदस्यों तक के लिए समय नहीं रहता। ऐसी जीवनशैली के प्रभाव से महिलाएं भी अछूती नहीं हैं। जहां एक ओर होममेकर्स पर खुद को ऑलराउंडर साबित करने का सामाजिक दबाव रहता है, वहीं काम-काजी महिलाओं के सामने घर और ऑफिस की दोहरी जिम्मेदारी और खुद को बेहतर साबित करने की चुनौती होती है। दोहरी जिम्मेदारियां निभाते हुए वे शारीरिक और मानसिक थकान से जूझ रही होती हैं। घर और बाहर की जिंदगी के बीच संतुलन स्थापित करने की कोशिश में वे दिन-रात जुटी रहती हैं। इसी दबाव की वजह से हमेशा उनका मन अशांत और उदास रहता है, वे स्ट्रेस, एंग्जायटी और डिप्रेशन जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याओं की शिकार हो जाती हैं। यहां हम जानते हैं, कुछ ऐसी मनोवैज्ञानिक समस्याओं के बारे में, जिनकी गिरफ्त में आकर अधिकांश महिलाएं परेशान रहती हैं साथ ही यह भी जानते हैं कि इनसे कैसे उबरें-

मेंटल स्ट्रेस: पुराने समय की तुलना में आज की महिलाओं का जीवन ज्यादा मुश्किलों से भरा है। संयुक्त परिवार तेजी से टूट रहे हैं, शहरों में न्यूक्लियर फैमिलीज की संख्या बढ़ती जा रही है। खासतौर पर महानगरों की संस्कृति ऐसी है कि वहां के अपार्टमेंट्स में रहने वाले लोग अपने पड़ोसियों से ज्यादा मिलना-जुलना पसंद नहीं करते। ऐसी स्थिति में होममेकर्स के आस-पास कोई ऐसा व्यक्ति नहीं होता, जिसके साथ वे अपने मन की बातें शेयर कर सकें, ऐसे में उनका तनाव बढ़ने लगता है। मनासिक तनाव की स्थिति में ब्रेन से कार्टिसोल नामक हार्मोन का सिक्रीशन बढ़ने लगता है, जो तनाव बढ़ाता है।

प्रमुख लक्षण: उदासी, चिड़चिड़ापन, थकान, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, कार्य क्षमता का घटना और मामूली बातों पर निराश हो जाना, मेंटली स्ट्रेस्ड होने के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसी स्थिति में कई बार अनिद्रा, सिर या हाथ-पैरों में दर्द, भोजन में अरुचि होना और पाचन में गड़बड़ी जैसे शारीरिक लक्षण भी नजर आते हैं।

बचाव-उपचार: नए लोगों से दोस्ती बढ़ाएं, प्रियजनों के साथ दिल की बातें शेयर करें, म्यूजिक सुनने, बागवानी या स्पोर्ट्स जैसी एक्टिविटीज में अपनी सक्रियता बढ़ाएं। नियमित रूप से योगासन और प्राणायाम करें। अपनी कार्यक्षमता की सीमाएं पहचानें और जो कार्य बहुत ज्यादा मुश्किल हों, उसके लिए न कहना सीखें। सही ढंग से टाइम मैनेजमेंट करते हुए अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। अगर इन प्रयासों के बावजूद तनाव कम न हो तो मनोवैज्ञानिक सलाहकार से संपर्क करें। वे कॉग्नेटिव बिहेवियर थेरेपी की मदद से इस समस्या का समाधान करेंगे।

एंग्जायटी: यह ऐसी मनोदशा है, जिसमें व्यक्ति को अत्यधिक चिंता, डर या बेचैनी महसूस होती है। वर्तमान दौर में घर और बाहर की दोहरी जिम्मेदारियां, जीवन के हर क्षेत्र में खुद को सर्वश्रेष्ठ साबित करने की होड़, बच्चों की परवरिश से जुड़ी चुनौतियां और लोन की ईएमआई चुकाने की चिंता जैसी परेशानियों के कारण आजकल महिलाओं में एंग्जायटी की समस्या तेजी से बढ़ रही है। खान-पान की गलत आदतों के कारण होने वाले हार्मोन संबंधी असंतुलन को भी इसके लिए जिम्मेदार माना जाता है।

प्रमुख लक्षण: मन में बार-बार नकारात्मक विचार आना, हमेशा सशंकित रहना, वर्तमान को छोड़कर भविष्य के बारे में लगातार सोचते रहना, खुद को लाचार महसूस करना, दिल की धड़कन का तेज होना, पसीना आना, अनावश्यक थकान और सांस लेने में तकलीफ होना।



बचाव-उपचार: सोने-जागने का समय सुनिश्चित करें, जब मन परेशान हो तो गहरी सांस लें, योग और ध्यान करें, करीबी लोगों के साथ इस समस्या के बारे में खुलकर बातचीत करें, हमेशा अच्छा सोचें और मोटिवेशनल किताबें पढ़ें। इन प्रयासों के बावजूद अगर आपकी मनोदशा में कोई बदलाव न आए तो एक्सपर्ट से सलाह लें। काउंसलिंग और दवाओं की मदद से यह समस्या दूर हो जाती है।

डिप्रेशन: अगर किसी व्यक्ति के मन में उदासी और खालीपन की भावना लंबे समय तक बनी रहे तो ऐसी मनोदशा को डिप्रेशन कहा जाता है। आजकल महिलाओं में यह समस्या तेजी से बढ़ रही है। खासतौर पर डिलीवरी के बाद हार्मोन संबंधी असंतुलन, नवजात शिशु की देखभाल की वजह से दिनचर्या में अचानक आने वाला बदलाव, नींद की कमी और करियर की चिंता के कारण अधिकतर महिलाओं को अवसाद का सामना करना पड़ता है। इस तरह की समस्या को पोस्टपार्टम डिप्रेशन कहा जाता है। इसी तरह आजकल मिडिल एज महिलाओं में भी डिप्रेशन के लक्षण नजर आते हैं, क्योंकि उम्र के इस दौर में अधिकतर परिवारों की युवा संतानें उच्च शिक्षा या जॉब की वजह से घर से दूर चली जाती हैं। पति अपनी प्रोफेशनल लाइफ में बिजी रहते हैं, ऐसी स्थिति में अकेलेपन की वजह से महिलाओं के मन में गहरी उदासी की भावना घर कर जाती है। ऐसी मनोदशा को एंप्टीनेस सिंड्रोम कहा जाता है।

लक्षण: हमेशा अकेलापन और खालीपन महसूस करना, ज्यादा सोना या अनिद्रा, ओवर ईटिंग या भूख न लगना, अपनी रुचि से जुड़े कार्यों में भी दिलचस्पी कम होना, निर्णय लेने में कठिनाई महसूस होना, मन में हीन भावना पैदा होना, आत्मविश्वास में कमी महसूस होना।

बचाव-उपचार: अपनी रुचि से जुड़े कार्यों में स्वयं को व्यस्त रखें, खुशमिजाज लोगों से दोस्ती बढ़ाएं, कॉमेडी शोज देखें, मॉर्निंग वॉक और एक्सरसाइज करें, बच्चों के साथ वक्त बिताएं, पर्यटन स्थलों पर घूमने-फिरने जाएं, धार्मिक गतिविधियों में शामिल हों, बागवानी करें या घर में कोई पालतू जानवर रखें, फोन पर दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ गपशप करें। ऐसे छोटे-छोटे प्रयास डिप्रेशन दूर करने में मददगार होते हैं। जरूरत महसूस होने पर साइकेट्रिस्ट से सलाह लें। उपचार की मदद से इस समस्या को नियंत्रित किया जा सकता है।

प्रस्तुति: विनीता

थोड़ा फूल बनकर-थोड़ा बनाकर हंसिए खुलकर

इस आपा-धापी भरी जिंदगी में जब भी हंसने-हंसाने का मौका मिले, चूकना नहीं चाहिए। फर्स्ट अप्रैल यानी फूल-डे जैसे अवसर पर फूल बनने या बनाने का मौका बिल्कुल भी नहीं छोड़ना चाहिए।

एंज्वॉयमेंट

चेतना झा

मेरे दिलवर, यह खत पाकर तुम शायद चौंक जाओ! चौंकने की बात भी है! मोबाइल कॉल, व्हाट्सएप, मैसेंजर के जमाने में खत! फ्रोजन शोल्डर, बढ़ी तोंद और सफेदी झांकते बाल के दौर में प्रेम पत्र! सच पूछो तो बस पंद्रह साल की देर हुई। यह खत तो तुम तक तभी पहुंचना था, जब कॉलेज में मेरी बेंच के पीछे तुम बैठा करते थे। याद है ना, दो चोटी वाली वह लड़की! नहीं याद आई? चलो और बताती हूं, वही जो तुम्हें कभी-कभी चोर निगाहों से देख लिया करती थी। अब भी नहीं पहचाने? ओह, वही जिसके नाक अकसर सुड़कती रहती थी। अब तो मैं तुम्हारे पड़ोस में आ गई हूं। खत मिलते ही छत पर चले आना, मैं तुम्हें सामने की बालकनी में दिखूंगी। तुम्हारी प्रतीक्षा में...

-तुम्हारी प्रिया

सुबह अखबार उठाने के लिए मेन गेट तक आए सौरभ ने जब गुलाबी लिफाफे में यह खत देखा तो चौंककर वह आस-पास देखने लगा। मन ही मन सोचने लगा, 'किसी ने देखा तो नहीं। किसने भेजा यह खत? कॉलेज के दिनों की ऐसी किसी लड़की का तो मुझे याद ही नहीं। चलो एकांत में आज कॉलेज के साथी दुर्गेश से इसकी चर्चा करता हूं। शायद उसे याद हो।' पत्नी सोनम खिड़की से चिंतामग्न पति को देख कर मंद-मंद मुस्कुरा रही थी। भीतर आने पर चाय का प्याला पकड़ा कर शर्ट की पॉकेट से झांकते गुलाबी लिफाफे के बारे में पूछा तो पति महोदय घबरा उठे, 'कुछ नहीं.. कुछ नहीं... पेपर में आज विज्ञापन का पन्ना था, सो वही है।' अनमने ढंग से चाय पीते पति और उन्हें देख मुस्कुराती रही पत्नी। आज की सुबह तो वाकई खास थी। तभी पति कुर्सी पर से उठे तो पत्नी ने पूछा, 'कहां चल दिए, छत पर? उस दो चोटी वाली और नाक सुड़काने वाली प्रियतमा से मिलने!' पति अकबकाए खड़े और पत्नी हंसते-हंसते दोहरी होती जा रही। फिर बोली, 'अप्रैल फूल बनाया तो उनको...!' अब तो पति भी हंसते-हंसते बेहाल।

थोड़ा बनिए-थोड़ा बनाइए: बेशक अपनों के साथ हंसी-मजाक के लिए किसी विशेष दिन की दरकार नहीं होती। साथ ही अपनों को मूर्ख बनाने के संग, उनसे मूर्ख बनने का भी अपना एक अलग मजा है। ऐसे में अगर बात मूर्ख दिवस यानी फर्स्ट अप्रैल की आती है तो वैसा ही लाइसेंस-सा मिल जाता है, जैसा अभी-अभी बीते त्योहार होली में रंग लगाने पर मिला था 'बुरा ना मानो होली है...!'

तो तैयार हो जाइए, थोड़ा फूल बनाइए, थोड़ा बनिए और जिंदगी में फूलों सी मुस्कान बिखेरिए।

रिश्तों का रिफ्रेश बटन: गंभीरता का लबादा उतार कर अपनों के साथ की गई मीठी शरारतें यकीनन आपके रिश्तों पर रिफ्रेश बटन दबाने सरीखी होंगी। अप्रैल फूल बनने-बनाने के लिए एक दिन तो सीमाओं को तोड़िए, कभी कलीग से तो कभी दोस्तों से कुछ ऐसी चुहल कर अंत में बोलिए, 'अप्रैल फूल!' इसके बाद तो वे लंबे समय तक आपका नाम सामने आते ही मुस्करा देंगे, 'अरे वो...!' सिर्फ दोस्तों के साथ ही नहीं, अपने माता-पिता के साथ भी ऐसा कीजिए।

मुस्कुराहट का कार्यस्थल: थोड़ी शरारत तो कलीग्स से भी बनती है। एक बार ऑफिस ग्रुप में सबको भेज दीजिए, जल्दी आने और मीटिंग की सूचना और खुद आप आइए इत्मीनान से और फिर कहिए वही, 'अप्रैल फूल बनाया...!' किसी कलीग की पीठ पर 'किक मी' का मैसेज लगाकर देखिए। पूरा ऑफिस मुस्कुराता काम करेगा, इस दिन। क्रीमी बिस्किट की क्रीम हटा कर उसमें टूथपेस्ट सजाना, कंप्यूटर के पास नकली गिरगिट या सांप रख देना...! आइडिया तो बहुत हैं, आपको ही ढूंढ़ना होगा।

सजेशन

ललिता गोयल

न्यूट्रिशस डाइट से आप रहेंगी मेंटली हेल्दी

मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए जीवनशैली में जरूरी बदलावों के साथ ही आपको अपनी डाइट पर भी ध्यान देना चाहिए। अगर आपका मूड स्विंग होता है, आप अकसर तनावग्रस्त रहती हैं या बेवजह डिप्रेशन फील करती हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि आप किसी तरह के मानसिक रोग का शिकार हैं। हो सकता है, आपके शरीर में कुछ पोषक तत्वों की कमी की वजह से आपको इन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हो। यह समझना बहुत जरूरी है कि बेहतर मेंटल हेल्थ के लिए हेल्दी खान-पान भी जरूरी होता है। कुछ फूड्स हमारी मेंटल हेल्थ को बेहतर करने में मददगार होते हैं।

साबुत अनाज: साबुत अनाज जैसे कि कॉर्न, बारले और क्विनोआ, ओट्स, बींस, सोया अपनी डाइट में शामिल करने से ओवरऑल मेंटल हेल्थ बेहतर होती है। ये अनाज डिप्रेशन, एंग्जायटी से बचाव में भी मदद करते हैं।

हरी पत्तेदार सब्जियां: भोजन में पालक और अन्य हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने से मेंटल हेल्थ को लाभ मिलता है। इन पत्तेदार सब्जियों में ओमेगा 3 फैटी एसिड, मैग्नीशियम और आयरन जैसे महत्वपूर्ण न्यूट्रिएंट्स भी पाए जाते हैं, जो मेंटल हेल्थ के लिए काफी जरूरी होते हैं।

बेरीज: एक रिसर्च के अनुसार बेरीज खाने से मूड बेहतर करने में मदद मिलती है। इसके साथ ही ये डिप्रेशन के लक्षणों को भी कम करता है।

सूखे मेवे: सूखे मेवे जैसे कि काजू, बादाम, अखरोट, किशमिश और सीड्स जैसे चिया सीड्स में ओमेगा 3 फैटी एसिड एवं अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये मूड और मेंटल हेल्थ को बेहतर करने में मदद करते हैं।

टमाटर: टमाटर में मौजूद फाइटोन्यूट्रिएंट लाइकोपीन, अल्जाइमर और डिमेंशिया जैसी दिमाग से जुड़ी बीमारियों से बचाव करने में मदद करता है। इसे अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।

केला: केले में विटामिन-बी 6 पाया जाता है, जो दिमाग के न्यूरोट्रांसमीटर सेरोटोनिन और डोपामाइन का संचार बढ़ाता है। इससे मूड अच्छा होने में मदद मिलती है।

(डायटीशियन शीला सहरावत से बातचीत पर आधारित)

स्पेशल : ऑटिज्म अवेयरनेस मंथ (अप्रैल)

आजकल बच्चे अपना ज्यादातर समय स्मार्ट गैजेट्स के साथ बीता रहे हैं, इसका बच्चों के समग्र विकास पर बुरा प्रभाव पड़ता है। वे ऑटिज्म का शिकार हो रहे हैं। समय रहते हमें अपने बच्चों को ऑटिज्म की ओर बढ़ने से रोकना होगा। यह कैसे संभव है, जरूरी सलाह।

स्क्रीन वर्ल्ड में खोए बच्चे ऑटिज्म का जोखिम

बच्चे और आप

डॉ. मोनिका शर्मा

आजकल बच्चों के पास स्मार्ट गैजेट्स होना आम बात है। बोलने-समझने की उम्र से पहले ही स्क्रीन में झांकते रहने की आदत इन मासूमों के सहज विकास में बड़ी बाधा बन गई है। कभी गेम, कभी कार्टून फिल्म। पलक तक झपकाना भूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों का स्क्रीन वर्ल्ड में खोए रहना बहुत-सी व्याधियों को न्योता देता है। परवरिश के परंपरागत रंग-ढंग की जगह ले रहा तकनीकी जाल, बच्चों को वर्चुअल ऑटिज्म का शिकार बना रहा है। बहुत छोटे बच्चों में स्क्रीन यानी टेलीविजन, स्मार्ट फोन, टैबलेट जैसे गैजेट्स के अत्यधिक इस्तेमाल से वर्चुअल ऑटिज्म की समस्या पैदा होती है। आभासी संसार में खोए रहने वाले बच्चे सामाजिक संपर्क बनाने में असहज महसूस करते हैं। देरी से बोलना सीखते हैं। दूसरी की बात समझने में कठिनाई होने लगती है। कई मामलों में दोहराव पूर्ण व्यवहार जैसे कई लक्षण उनमें दिखाई देने लगते हैं।

समस्याओं का घेरा: हालिया वर्षों में पैरेंटिंग के मोर्चे पर डिजिटल गैजेट्स के इस्तेमाल की अति से बच्चों को बचाने की जिम्मेदारी भी जुड़ गई है। यह डिजिटल व्यस्तता बालमन को कमोबेश हर मामले में नुकसान पहुंचाने वाली है। बच्चों के मानसिक-मनोवैज्ञानिक विकास को प्रभावित करने वाली वर्चुअल ऑटिज्म प्रॉब्लम, कई दूसरी व्याधियों की भी जड़ है। चिंतनीय है कि जीवन के शुरुआती पड़ाव पर ही स्क्रीन को देखते रहने से वर्चुअल ऑटिज्म के घेरे में आ रहे बच्चों का अटेंशन स्पैन (एकाग्रता अवधि) भी कम हो जाता है। बर्ताव में चिड़चिड़ापन और विचारों में उलझन-अस्पष्टता जगह बना लेती है। कई बार पुकारे जाने पर भी रिएक्ट नहीं करते। ऐसे बच्चे हाइपर एक्टिव हो जाते हैं। बहुत से बच्चे अपने पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर या किसी ऑनलाइन खेल के कैरेक्टर की तरह बोलने-बतियाने लगते हैं। कम उम्र में बढ़ते स्क्रीन टाइम से न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के घेरे में आ रहे हैं। आम जीवन से कट जाने वाले ऐसे बच्चे फोकस्ड नहीं रह पाते। किसी भी बात या काम पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाना आगे चलकर व्यक्तिगत ही नहीं, अकादमिक जीवन को भी प्रभावित करता है।

गैजेट एक्सपोजर घटाएं पैरेंट्स: गैजेट्स के साथ बहुत अधिक समय बिताने वाले बच्चों को हरदम स्क्रीन पर दिखते कंटेंट से एकतरफा संवाद सुनने की आदत हो जाती है, जिसके चलते सहजता से कुछ बोल नहीं पाते। बातचीत के सहज हाव-भाव नहीं सीखते। पहले बहुत छोटे बच्चों का यह समय घर के बड़े-बुजुर्गों या पैरेंट्स के साथ बीतता था। सहज इंसानी बातचीत सुनते हुए बड़े होने वाले बच्चे भी आसानी से बोलना सीख जाते थे। हर तरह के मनोभाव को जताना उन्हें आ जाता था। बच्चों के बढ़ते स्क्रीन टाइम ने दूसरों की बातों को सुनना-समझना भुला दिया है। बालमन सहज प्रतिक्रिया भूल गया है। बच्चे दूसरों से मेल-जोल में भी असहज महसूस करते हैं। इन समस्याओं का हल गैजेट्स से दूरी बरतना ही है। संभव हो तो पांच साल की उम्र तक के बच्चों को डिजिटल उपकरणों से पूरी तरह दूर रखें। वर्चुअल ऑटिज्म पांच-सात वर्ष से छोटे बच्चों में ही अधिक होता है। इस आयुवर्ग तक के बच्चों के साथ समय बिताने में पैरेंट्स भी रुचि लें।

समय रहते चेतें

आज के तकनीकी दौर में परवरिश के मोर्चे पर सामने आ रही वर्चुअल ऑटिज्म की समस्या को लेकर समय रहते चेतना जरूरी है। बच्चों को वर्चुअल दुनिया नहीं, बल्कि असली संसार से जोड़ना आवश्यक है। मनोरंजन के परंपरागत माध्यमों का चुनाव, घर के बुजुर्गों का साथ-संवाद और गैर-डिजिटल गतिविधियों को बढ़ावा देना ही इस समस्या से बचा सकता है। अप्रैल का यह पूरा महीना ऑटिज्म की प्रॉब्लम्स को लेकर अवेयरनेस लाने से जुड़ा है। ऐसे में वर्चुअल ऑटिज्म के जोखिम में आ रहे बच्चों को लेकर भी जागरूक होना आवश्यक है।

हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

अगर आप डेंड्रफ की प्रॉब्लम से परेशान हैं तो दवाइयों या केमिकल बेस्ड कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स की बजाय कुछ होम रेमिडीज अप्लाई कर सकती हैं। ये रेमिडीज आप बहुत आसानी से घर में कर सकती हैं और इसके बहुत अच्छे परिणाम आते हैं।

क्या आप डेंड्रफ से हैं परेशान अप्लाई करें ये होम रेमिडीज

सिर के बालों में डेंड्रफ यानी रूसी होना कॉमन प्रॉब्लम है। मौसम कोई भी हो, बालों में रूसी की समस्या कुछ लोगों को बहुत परेशान करती है। आयुर्वेद के अनुसार पित्त और कफ के असंतुलित हो जाने के कारण यह समस्या होती है। हमारे शरीर में उपस्थित कफ और वात के असंतुलित हो जाने पर यह रक्त में मिलकर खून को गंदा कर देते हैं। यही सिर के रोम छिद्र को बंद कर देते हैं। जिससे सिर की त्वचा रूखी होने लगती है और सिर पर पपड़ी जमने लगती है, जिसे रूसी कहते हैं। डेंड्रफ न केवल देखने में खराब लगता है बल्कि खुजली और जलन भी पैदा करती है। स्कैल्प में होने वाला डेंड्रफ फंगस के कारण होता है, जो सिर की सतह से सीबम और डेड स्किन सेल्स से बढ़ता है। डेंड्रफ के फ्लेक्स, छोटे-बड़े कई आकार के हो सकते हैं और बालों में कंघी करने से भी नहीं निकलते हैं।

डेंड्रफ होने के कारण: डेंड्रफ कई कारणों से हो सकता है, जिनमें शुष्क त्वचा, तैलीय त्वचा, फंगल इंफेक्शन, विटामिन-बी की कमी, मानसिक तनाव और कुछ मेडिकल कंडीशंस भी शामिल हैं। इनके अलावा केमिकल युक्त हेयर प्रोडक्ट्स का यूज करने, अस्त-व्यस्त जीवनशैली, बालों में गंदगी, बालों की सही देख-रेख न करने और रोज गर्म पानी से सिर धोने पर भी डेंड्रफ हो सकती है। इससे निजात पाने के लिए आप कुछ होम रेमिडीज अप्लाई कर सकती हैं।

नारियल तेल है कारगर: नारियल के तेल से स्कैल्प की मालिश करने से सिर में रक्त संचार बढ़ता है। नारियल का तेल लगाने से स्कैल्प मॉयश्चराइज होती है, जिससे डेंड्रफ को कम करने में मदद मिलती है। हल्का गर्म करके नारियल का तेल स्कैल्प पर लगाएं और कुछ घंटों के लिए छोड़ दें। फिर माइल्ड शैंपू से धो लें। इससे काफी राहत मिलेगी।

नारियल तेल और नीबू के रस को बराबर मात्रा में मिलाएं। इस मिश्रण को आप अपने स्कैल्प पर लगाकर हल्के हाथों से मसाज करें। इसे एक घंटे तक लगा रहने दें और फिर शैंपू कर लें। बेहतर परिणाम के लिए आप इसको हफ्ते में तीन बार इस्तेमाल कर सकती हैं।

यूज करें एलोवेरा जैल: डेंड्रफ की समस्या खत्म करने के लिए बालों पर एलोवेरा लगाना भी काफी फायदेमंद माना जाता है। एलोवेरा अपने एंटीफंगल और एंटी इंफ्लेमेटरी गुणों के कारण डेंड्रफ के लिए प्रभावी होता है। यह खुजली और सिर की जलन को शांत करने में भी मदद कर सकता है। इसके लिए एलोवेरा जैल को अपने स्कैल्प और बालों पर लगाएं। इसे 30 मिनट से एक घंटे तक लगा रहने दें और फिर हल्के शैंपू से अच्छी तरह धो लें। आप इस प्रक्रिया को हफ्ते में 2-3 बार दोहरा सकती हैं। हालांकि सीधे बालों पर एलोवेरा जैल लगाने से पहले आपको एक बार पैच टेस्ट अवश्य कर लेना चाहिए।

एलोवेरा जैल में नीबू के रस की कुछ बूंदें और ग्लिसरीन मिला लें। अब इस मिश्रण से स्कैल्प पर मसाज करें। 15 मिनट मसाज करने के बाद इसे 15 मिनट के लिए लगा रहने दें। उसके बाद गुनगुने पानी से बालों को धो लें। बालों को धोने के लिए माइल्ड शैंपू और कंडिशनर का ही इस्तेमाल करें।

अप्लाई करें दही: दही में एंटीफंगल गुण होते हैं, जो डेंड्रफ को कम करने में मदद करते हैं। दही को बालों की जड़ों से सिरों तक अंगुलियों से मलते हुए लगाएं और आधे घंटे बाद बालों को ताजे पानी से धो डालें। इससे बालों की अच्छी सफाई हो जाती है और डेंड्रफ दूर होते हैं। दही में नीबू का रस, बेसन मिलाकर सिर पर लगाने से भी डेंड्रफ दूर होता है। दही और एलोवेरा जैल का मिश्रण भी बालों के डेंड्रफ का प्रभावी उपाय है।

मेथी दाना: डेंड्रफ हटाने के लिए मेथी के दानों को रात भर पानी में भिगोकर रखें। अगली सुबह इन दानों को पीसें और बालों पर लगाकर आधे घंटे बाद ताजे साफ पानी से धो डालें। मेथी, डेंड्रफ दूर करने के साथ बालों की कई समस्याओं को दूर कर देती है।

खबर संक्षेप

गायत्री विद्या मन्दिर में वार्षिक महोत्सव मनाया

हांसी। कृष्णा कालोनी स्थित गायत्री विद्या मन्दिर स्कूल में सोमवार को वार्षिक पारितोषिक और सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में डायरेक्टर विष्णु शर्मा ने मुख्यातिथि तथा सदर थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी सिद्धार्थ बिश्नोई ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। विद्यालय निदेशक राजकुमार अत्री ने बताया कि महोत्सव से पूर्व बोर्ड परीक्षा को छोड़कर अन्य सभी कक्षाओं का परिणाम घोषित किया गया। नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक शिक्षा प्राप्त करने वाली विद्यालय की छात्रा रितु रामपुरा को बोर्ड परीक्षा में 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान करने पर सम्मानित किया गया।

खेतों में बिजली के पोल न लगाने की मांग

बरवाला। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के तत्वावधान में बरवाला शहर समेत अनेक गांवों के गुस्साए किसानों ने बिजली के पोल उनके खेतों के अंदर न लगाए जाने की मांग को लेकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। एसडीएम के नाम रीडर और सुपरिटेंडेंट को ज्ञापन सौंपा। इन गुस्साए किसानों ने सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करके रोष व्यक्त किया। प्रदर्शन व ज्ञापन सौंपने वालों में शामिल धोला जेवरा, शमशेर पूनियां, फूल कुमार, जगरूप श्योकन्द, नरेश, वीरभान, संदीप, महेंद्र सिंह, तेजभान, प्रवीण कुमार आदि रहे।

पूर्व मंत्री के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

ओपी जिन्दल की 20वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

दलितों-पिछड़ों के उत्थान में जिन्दल के योगदान को हरियाणा सदैव याद करता रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पूर्व ऊर्जामंत्री, ओपी जिन्दल ग्रुप के संस्थापक एवं इस्पात जगत के पुरोधा बाऊजी ओपी जिन्दल को सोमवार को उनकी 20वीं पुण्यतिथि पर हिसार परिवार ने श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

जिन्दल इंडस्ट्रीज स्थित ओपी जिन्दल के समाधि-स्थल पर श्रद्धांजलि देने का वालों का तांता सोमवार सुबह से ही लगा था। इस अवसर सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि बाऊजी के सामने अनेक चुनौतियां आईं लेकिन उन्होंने सभी का दृढ़तापूर्वक मुकाबला किया और स्वावलंबी भारत के निर्माण को एक नई दिशा दी। वे राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित रहने के साथ-साथ जरूरतमंदों, दलितों, पिछड़ों और किसानों के विकास के लिए आजीवन संघर्षरत रहे।

हिसार। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित विधायक सावित्री जिंदल, उनके परिवार के सदस्य व अन्य। फोटो : हरिभूमि

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर इस अवसर पर विधायक मंत्री सावित्री जिन्दल, पृथ्वी राज जिन्दल, आरती जिन्दल, सज्जन जिन्दल, रतन जिन्दल, दीपिका जिन्दल, नवीन जिन्दल, पूर्व मेयर नगर निगम रोहतक मनमोहन गोयल, सीमा जिन्दल, मेयर हिसार प्रवीन पोपली, हिसार भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ आशा खेदड़, विधायक रणधीर पनिहार, पूर्व मेयर शकुंतला राजली वाला, मुन्ना तायल, पी.के. संधीर एडवोकेट, अश्वनी गर्ग, पीसी मित्तल एडवोकेट, विजय कौशिक, जगदीश जिन्दल, कृष्ण गोरखपुरिया, पंकत महता, वेद रावल, पार्षद टीनू जैन, जगमोहन मित्तल संजय डालमिया, भीम महाजन, संजय गोयल, धर्मपाल सिवाच, वाल्मीकि, प्रवीण जैन, स्नेहलता निंबल, देवेंद्र लाडा, मुकेश बाट्टू, धीरज वर्मा, अनिल शर्मा आदि व्यक्ति मौजूद थे।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि जिन्दल के बताए मार्ग पर चलकर ही सबका विकास संभव है। दलितों-पिछड़ों के उत्थान में जिन्दल के योगदान को हरियाणा सदैव याद करता रहेगा।

पुलिस जिला हांसी से सेवानिवृत्त हुए 3 पुलिस कर्मचारी, दी विदाई पार्टी

- सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के सम्मान में पुलिस लाइन में किया विदाई समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

जिला पुलिस हांसी में कार्यरत 3 पुलिस अधिकारी इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र, एसआई हवा सिंह व मुख्य सिपाही सीता राम सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त हुए तीनों पुलिस कर्मियों के लिए पुलिस विभाग की ओर से जिला पुलिस लाइन में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में डीएसपी रविन्द्र सांगवान ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

समारोह को संबोधित करते डीएसपी रविन्द्र सांगवान ने कहा कि पुलिस की नौकरी सेवा और समर्पण का भाव है, और पुलिस की नौकरी के दौरान अक्सर अपनी इच्छओं का त्याग करना पड़ता है। प्रत्येक पर्व पर सभी लोग अपने परिवार की खुशियों में शामिल होते हैं लेकिन पुलिस जनता की सुरक्षा के लिए आमजन को खुशियों मनाते देख खुशी महसूस करते हैं।

हांसी। विदाई समारोह में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह प्रदान करते डीएसपी रविन्द्र सांगवान व अन्य। फोटो :हरिभूमि

ये रहे मौजूदः इस अवसर पर पुलिस लाइन प्रबंधक सब इंस्पेक्टर शिव कुमार, सीडीआई सब इंस्पेक्टर राजबीर, प्रवाचक भलाई निरीक्षक प्रदीप सिंह, पुलिस प्रवक्ता कुलदीप सिंह सहित पुलिस जिला हांसी के अन्य कर्मचारी उपस्थिति रहे।

आरोही स्कूल की छात्रा रश्मि मैरिटोरियस गर्ल्स स्टूडेंट अवार्ड से हुईं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित दंसवी की परीक्षा में 500 में से 494 अंक प्राप्त कर खण्ड उकलाना में पहला व जिला हिसार में चौथा स्थान प्राप्त करने पर आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल उकलाना की छात्रा रश्मि को एब्रो इंडिया द्वारा मैरिटोरियस गर्ल्स स्टूडेंट अवार्ड देकर सम्मानित किया है। संस्था के अध्यक्ष यशपाल ने करनाल में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत आयोजित कल्पना चावला मैमोरियल प्रोत्साहन कार्यक्रम छात्रा को 21000 रूपऐ व प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर खण्ड शिक्षा अधिकारी सतबीर सिंह, प्रिंसिपल सुरेन्द्रपाल वर्मा, एस.एम.सी. प्रधान राजकुमार, एबीआरसी सुरेन्द्र वर्मा, सरपंच अनिल कुमार, सरपंच राजपति ने बधाई दी है। छात्रा के विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय प्रशासन द्वारा अभिनंदन किया गया।

उकलाना । सम्मान प्राप्त करती छात्रा रश्मि।

जम्भेश्वर मंदिर में 29 पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2082 के पावन अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का अनूठा उदाहरण पेश करते हुए गुरु जम्भेश्वर मंदिर सिवानी मंडी के प्रांगण में 29 पौधे रोपित किए गए। यह पुनीत कार्य नरसी राम देहडू पुत्र सोहन लाल देहडू द्वारा संपन्न किया गया, जिसका उद्देश्य प्रकृति के संतुलन को बनाए रखते हुए हरित भविष्य की नींव रखना है।

इस अवसर पर नरसी राम देहडू ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। पेड़-पौधों से न केवल पर्यावरण संतुलित रहेगा, बल्कि यह गांव को भी हरा-भरा बनाए रखेंगे। इस विशेष कार्यक्रम में मंदिर के प्रधान घनश्याम देहडू, ग्राम सरपंच रमेश काजला, मंदिर के पुजारी घेवर राम, छबील दास व रामचन्द्र सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस पहल की सराहना की और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

हिसार। मंदिर में पौधारोपण करते नरसी राम देहडू।

नन्हें मुन्नों ने कॉन्वोकेशन गाउन और हैट में पाया सफलता का प्रमाण पत्र

- क होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 37वां वार्षिक परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 37वें वार्षिक परिणाम की घोषणा के साथ ही शैक्षणिक सत्र 2024-25 का समापन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर नन्हें-मुन्नों ने कॉन्वोकेशन गाउन और हैट पहनकर अपने रिपोर्ट कार्ड प्राप्त किए, जिससे पूरे विद्यालय परिसर में उल्लासपूर्ण वातावरण बना रहा। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परीक्षा परिणाम हमें यह दर्शाता है कि सफलता के लिए हमने कितना परिश्रम किया है और किन बिंदुओं पर और अधिक मेहनत की आवश्यकता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने भी विद्यार्थियों को शानदार परिणाम के लिए बधाई दी। वार्षिक परिणाम दिवस को यादगार बनाने के लिए विद्यालय के आर्ट डिपार्टमेंट ने शिक्षिका अपूर्वा के मार्गदर्शन में एक विशेष सेल्फी स्टेशन तैयार किया। विद्यार्थी और उनके अभिभावकों ने इसके समक्ष तस्वीरें लेकर इन सुनहरे पलों को अपनी यादों में संजोया। विद्यालय में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है।

हिसार। प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल के साथ विद्यार्थियों एवं अभिभावक।

डॉ. संजय को सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदाचार्य और चरक सम्मान 2025 से नवाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरिद्वार में वैद्य तत्व द्वारा भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इसमें पूरे भारत के अलग-अलग राज्यों से प्रतिष्ठित वैद्य, आयुर्वेदाचार्य और चिकित्सा विशेषज्ञों ने भाग लिया। हिसार से डॉ. संजय शर्मा को आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने पर भारत के सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदाचार्य और चरक सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें उनके आयुर्वेदिक उपचार में विशेष विशेषज्ञता, पंचकर्म चिकित्सा में नवाचार और आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार में अद्वितीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ. संजय ने कहा कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। मेरा लक्ष्य एक अत्याधुनिक पंचकर्म आयुर्वेदिक अस्पताल स्थापित कर, लोगों को प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से आरोग्य प्रदान करना है। उनकी इस उपलब्धि पर चिकित्सा जगत के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

हिसार। सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदाचार्य और चरक सम्मान प्राप्त करते डॉ. संजय। फोटो :हरिभूमि

समाज में दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों से दूर रहने की शपथ दिलाई

- एआई एंड डेटा साइंस विभाग ने आयोजित की विदाई पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के शिक्षण खंड-4 के सभागार में एआई एंड डेटा साइंस विभाग के स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र कुमार एवं डॉ. सुनील कुमार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने प्राध्यापकों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए उनके मार्गदर्शन और योगदान की सराहना की। विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और समाज में दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों से दूर रहने की शपथ दिलाई।

हिसार। विदाई समारोह में उपस्थित एआई एंड डेटा साइंस विभाग के शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

विदाई समारोह में प्राध्यापक भी थिरके

विदाई समारोह में विद्यार्थियों ने संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को रंगारंग बना दिया। प्रथम वर्ष से नीलिमा, ज्योति तथा द्वितीय वर्ष से कीर्ति, खुशी, पिंकी, प्रिया, सतबीर, अक्षत, दीपक और आरजू ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। प्राध्यापकों ने भी अपने नृत्य प्रदर्शन से समारोह में उत्साह बढ़ाया। इस आयोजन को सफल बनाने में विभाग की शिक्षिकाओं पारुल और ज्योत्सना

सुमित मिस्टर व अंकिता बनी मिस फेयरवेल

समारोह में विशेष पुरस्कार भी दिए गए, जिनमें सुमित को मिस्टर फेयरवेल, अंकिता को मिस फेयरवेल, दीपक को मिस्टर पर्सनालिटी, खुशी को मिस पर्सनालिटी, विशेष को ऑल-राउंडर , अक्षत को मिस्टर परफेक्ट व पूनम को

हिसार। कुलपति प्रो . बीआर काम्बोज के साथ चयनित छात्रा व अधिकारी।

राजबाला का जापान में पीएचडी के लिए हुआ चयन

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग की छात्रा राजबाला यादव का टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान में पीएचडी के लिए चयन हुआ है। इस दौरान सारा खर्च टोक्यो यूनिवर्सिटी जापान द्वारा वहन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने छात्रा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। छात्रा राजबाला ने बताया कि वह रेवाड़ी (हरियाणा) की रहने वाली है। उनके पिता सतबीर सिंह सरकारी कर्मचारी हैं। उनकी माता पूनम एक ग्रहणी है। राजबाला ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व शिक्षकों को दिया है। राजबाला यादव का दाखिला पीएचडी के लिए हकृवि और टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान के बीच हुए समझौते में स्पेशल एक्सचेंज स्टूडेंट प्रोग्राम के तहत हुआ है। राजबाला पीएचडी की पहली छात्रा है जिसका इस प्रोग्राम के अंतर्गत चयन हुआ है। पीएचडी के दौरान पढ़ाई व रहने का शुल्क टोक्यो यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर, जापान द्वारा वहन किया जाएगा तथा छात्रवृत्ति भी दी जाएगी। राजबाला टोक्यो यूनिवर्सिटी के परिसर माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला में डॉ उचीनों के साथ फरमंटिड फूड में जीवाणुओं की विविधता और गुणवत्ता पर काम करेंगी। छात्रा ने अपनी स्नातकोत्तर की पढ़ाई सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग में सहायक वैज्ञानिक डॉ. अजय जांगड़ा के मार्गदर्शन में की है। इस अवसर पर मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा, अंतरराष्ट्रीय सैल की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा व सहायक वैज्ञानिक डॉ. अनुज राणा उपस्थित रहे।

लीडिंग स्कूल के 30वें वार्षिक समारोह में विद्यार्थियों कार्यक्रम किए प्रस्तुत

- सत्यदीप को मिला स्टूडेंट ऑफ द इयर का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लीडिंग सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने अपना 30वां वार्षिक समारोह भव्यता और उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीसीडब्ल्यूओ विनोद कुमार, वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र कंवारी, सुप्रसिद्ध लेखक अजीत नागल, बीईओ विजेंद्र सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। शैक्षणिक और खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप अहलावत व डॉ. वतन पंघाल ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए स्कूल की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने कई प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं, जिनमें ट्रिब्यूट टू फार्मर्स, सोशल मीडिया एडिक्शन, फास्ट फूडः स्वास्थ्य के लिए खतरा, महाभारत, भांगड़ा, हरियाणवी नृत्य और स्कूल बैंड की शानदार परफॉर्मेंस शामिल थीं। स्टूडेंट ऑफ द इयर का प्रतिष्ठित पुरस्कार कक्षा 12 के सत्यदीप को प्रदान किया गया, जिसने अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के निदेशक, डॉ. एस.पी. पंघाल ने सभी अतिथियों, छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला।

हिसार। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

श्रीराम कथा को समझने और उसे आत्मसात करने की नितांत आवश्यकता : चिन्मयदास

- महंत चिन्मयदास जी महाराज ने अग्रसेन भवन में विधि-विधान से शुरू की श्रीराम कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

श्रीराम कथा समिति की ओर से महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित आठ दिवसीय रामनवमी महोत्सव व श्रीराम कथा की विधिवत ढंग से शुरुआत हुई। भव्य कलशों की स्थापना के उपरांत महंत चिन्मयदास महाराज ने वर्तमान परिदृश्य में श्रीराम कथा के महत्व को स्पष्ट किया। महंत चिन्मयदास ने सोमवार को कहा कि श्रीराम कथा सुनकर अपने-अपने दायित्व को बखूबी समझा जा सकता है। पिता, माता, बेटा, बेटी, पति, पत्नी व भाई का क्या कर्तव्य है। इसी भांति राजा, रानी, सेवक व प्रजा का क्या दायित्व है एवं इसे कैसे निभाया जाए, इसकी सीख श्रीराम कथा से मिलती है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में श्रीराम कथा को समझना और उसे आत्मसात करने की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा को जीवन में उतारकर सदमार्ग को अपनाना सरल हो जाता है। इतना ही नहीं श्रीराम कथा सच्चा मनुष्य बनने का मार्ग भी प्रशस्त करती है। श्रीराम कथा में प्रथम दिवस जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

हिसार। श्रीराम कथा में उपस्थित महंत चिन्मयदास जी महाराज एवं श्रद्धालुगण।

गुजविप्रौवि के जैव प्रौद्योगिकी विभाग में व्याख्यान कार्यक्रम

चैट-जीपीटी व ओपन एआई के युग में स्मार्ट वर्क की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 'साहित्य खोज (पबमेड, गूगल स्कॉलर और एलीसिट), नॉलेज मैप्स (रिसर्च रैबिट और कनेक्टेड पेपर्स), लेखन (ग्रामरली) और उद्धरण (मेंडेली, जोटेरो और एंडनोट) जैसे उपकरणों का उपयोग करके मात्रात्मक और गुणात्मक शोध कैसे किया जा सकता है' विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के डिप्टी लाइब्रेरियन, रिसोर्स पर्सन डॉ. नीरज कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय के शिक्षण विभागों के संकाय सदस्यों, शोध विद्वानों, विद्यार्थियों के साथ तीन घंटे का लंबा विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर 200 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि चैट-जीपीटी और ओपन एआई के युग में हमें कड़ी मेहनत के बजाय स्मार्ट काम करने की जरूरत है शैक्षणिक प्रणालियों में एआई का एकीकरण सीखने के अनुभवों को बढ़ाने, प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और दुनिया भर के छात्रों के लिए शिक्षा को वैयक्तिकृत करने का वादा करता है।बायो-टेक्नोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार भानखड़ ने भी कहा कि यह वास्तव में अद्भुत शैक्षणिक चर्चा थी और न केवल छात्रों बल्कि संकाय सदस्यों को भी एआई उपकरणों के साथ अपडेट किया जाना चाहिए। उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र कुमार चौहान ने संसाधन व्यक्ति और सभी प्रतिभागियों का औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन किया।

हिसार। विशेषज्ञ व्याख्यान कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्बोधित करते रिसोर्स पर्सन डॉ. नीरज कुमार सिंह। फोटो :हरिभूमि

खबर संक्षेप

अनिल एडवोकेट बने भारत विकास परिषद के अध्यक्ष

मंडी आदमपुर। आदमपुर भारत विकास परिषद के चुनाव पर्यवेक्षक एच सी गोयल एवं अमर गोयल की देखरेख में टेल वाला हनुमान मंदिर में सर्वसम्मति हुआ। इसमें अनिल गोयल एडवोकेट को अध्यक्ष प्रेम काजला को सचिव एवं दीपक गोयल को वित्त सचिव चुना गया। इस मौके पर अनिल गोयल ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है मैं ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ निभाऊंगा तथा भारत विकास परिषद को आगे बढ़ाने का कार्य करूंगा। इस मौके पर चंद्रशेखर शर्मा, राजकुमार गोयल, मांगेराम, कमल बंसल, मुकेश, सतीश गोयल सहित संस्था के अनेक सदस्य मौजूद रहे।

भाविप का स्वास्थ्य जांच शिविर कल

मंडी आदमपुर। भारत विकास परिषद् शाखा मंडी आदमपुर 2 अप्रैल को गोपीराम धर्मशाला में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से दंत स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन करेगी। इसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा निशुल्क दंत जांच, शुगर एवं बीपी चैकअप तथा विभिन्न प्रकार के दंत रोगों व मुख कैंसर के प्रति जागरूक किया जाएगा।

करोड़ों की हेरोइन में तीसरा युवक भी काबू

फतेहाबाद। टोहाना पुलिस द्वारा करोड़ों की हेरोइन सहित पकड़े गए युवक से पूछताछ के बाद पुलिस ने उसके दूसरे साथी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान कृष्ण पुत्र जगीर सिंह निवासी गांव बखौरा कलां, जिला संगरूर के रूप में हुई है। इस मामले में दो युवकों गांव बखौरा कलां निवासी जगसीर उर्फ जग्गा पुत्र जंगीर सिंह व गुरप्रीत सिंह उर्फ गोरा पुत्र भजन सिंह निवासी शादीपुर जिला कैथल को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। थाना शहर टोहाना प्रभारी एसआई देवीलाल ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 18 मार्च को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। सीआईए टोहाना पुलिस की टीम ने पीएसआई अशोक कुमार के नेतृत्व में गश्त पर थी तो उन्हें सूचना मिली कि पंजाब के संगरूर जिले के गांव बखौरा कलां निवासी जगसीर उर्फ जग्गा पुत्र जंगीर सिंह भारी मात्रा में हेरोइन लेकर बेचने के लिए टोहाना आया हुआ है। वह सुबह ट्रेन से टोहाना आता है और हेरोइन बेचकर शाम को वापस चला जाता है। इस सूचना पर पुलिस टीम रेलवे स्टेशन की तरफ जा रही थी तो स्टेशन की तरफ से आ रहे युवक को शक के आधार पर काबू करउसकी तलाशी ली तो उसके पास से 4 किलो 5 ग्राम हेरोइन बरामद की थी।

शिकायत मिलने पर हिसार एसीबी ने की कार्रवाई

एक लाख रिश्वत लेते लाखन माजरा थाने का एसआई रंगे हाथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

घी फैक्ट्री संबंध में दर्ज एक मामले में रिश्वत ले रहे लाखनमाजरा थाना के जांच अधिकारी सुरेश कुमार को हिसार एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने एक लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अधिकारी के खिलाफ लाखनमाजरा थाना में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है वहीं थाना प्रभारी की भूमिका की जांच की जा रही है।इस संबंध में एक शिकायतकर्ता ने एंटी करप्शन ब्यूरो हिसार में शिकायत दी। शिकायत में उसने कहा कि उसका दोस्त बडवाली ढाणी निवासी राजेश उर्फ मोनू है और राजेश का दोस्त लुधियाना निवासी संजय थाना लाखनमाजरा में घी की फैक्ट्री के संबंध में इस वर्ष 22 फरवरी को दर्ज मुकदमा में पकड़ा हुआ है। यह केस लाखनमाजरा थाना प्रभारी समरजीत शिकायत के आधार पर दर्ज हुआ है। इसी के चलते दो दिन पूर्व 29 मार्च को शिकायतकर्ता राजेश के साथ संजय से मिलने थाना लाखनमाजरा गए और मुकदमा के जांच अधिकारी उप निरीक्षक सुरेश कुमार से मिले। शिकायत के अनुसार जांच अधिकारी उप निरीक्षक सुरेश कुमार द्वारा उसके दोस्त संजय के साथ मारपीट करने, उसकी मुकदमा में मदद करने व संजय को उपरोक्त दर्ज मुकदमा नं. 31/2025 में झूठा न फंसाने की एवज में रिश्वत मांगी। इसके बाद आरोपी उप निरीक्षक सुरेश कुमार के बीच में एक लाख रुपये में बातचीत तय हो गई। उसी दिन आरोपी सुरेश कुमार को 50 हजार रुपये नकद व 50 हजार रुपये आरोपी के लडके सुनील कुमार को गूगल-पे के माध्यम से दी गई है। शिकायत के अनुसार 30 मार्च को उसके पास आरोपी सुरेश कुमार का दोबारा फोन आया जिसने उससे एक लाख 20 हजार रुपये रिश्वत की दोबारा मांग की गई। उसके व आरोपी सुरेश कुमार के बीच एक लाख रुपये नकद रिश्वत बारे बातचीत तय हुई है।

हिसार। एसीबी हिसार की टीम द्वारा पकड़ा गया रिश्वत का आरोपी।

एसचएसओ की भूमिका की होगी जांच

शिकायत मिलने के बाद एसीबी हिसार टीम ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए जांच अधिकारी आरोपी सुरेश कुमार को शिकायतकर्ता से एक लाख रुपये नकद लेते सुनारिया चौक रोहतक से रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। शिकायतकर्ता द्वारा आरोपी को इस प्रकरण में पहले दी गई 50 हजार रुपये रिश्वत राशि भी वसूल कर ली गई है।

हिसार। सेवानिवृत होने वाले पुलिस अधिकारी व कर्मचारी डीएसपी तनुज शर्मा

पुलिस परिवार के 12 सदस्य हुए सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिला पुलिस लाइन स्थित आधिकारिक मेस में पुलिस विभाग में अपनी सेवा पूर्ण कर चुके पुलिस कर्मचारियों के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया। पुलिस उप अधीक्षक तनुज शर्मा ने सेवानिवृत सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी। इस विदाई समारोह में सेवानिवृति पाने वाले निरीक्षक राजपाल, उप निरीक्षक कृष्ण कुमार, उप निरीक्षक सत्यवान, उप निरीक्षक युद्धवीर, उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार, उप निरीक्षक राजमल, उप निरीक्षक रामकरण, उप निरीक्षक आजाद सिंह, उप निरीक्षक हुकम चंद, सहायक उप निरीक्षक राजकुमार, मुख्य सिपाही राम सिंह और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी श्रीमती चंद्रो सहित उनके परिजन शामिल हुए।

ईद उल फितर पर नमाज अदा कर मांगी मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

ईद उल फितर के उपलक्ष्य पर शहर के क्रांतिमान पार्क में मुस्लिम समाज के हजारों लोगों ने नमाज अताकर देश की खुशहाली, अमन-चैन, तरक्की और आपसी भाईचारे की मजबूती के लिए हाथ फैलाकर दुआएं मांगी। लाहौरिया चौंक जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज अब्दुल जब्बार की नुमाइंदगी में ईद की नमाज अता करवाने के बाद पार्क में उपस्थित लोगों ने दुआएं मांगी। यह त्यौहार एक माह के रमजान की इबादत करने के बाद (रोजे) समाप्त होने के बाद खुदा का शुक्राना अदाकर खुशी के रूप में मनाया जाता है। क्रांतिमान पार्क में हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय सहित हिन्दू, सिख और ईसाई समाज के लोग शामिल हुए। मुस्लिम कल्याण कमेटी के प्रधान होशियार खान, हरफूल खान भट्टी, डॉ. नूर मोहमद, कैप्टन रफीक, अनवर बेग, सतबीर खान, अब्दुल कमाल, सिकंदर, विनोद, डॉ. गुलाब, होशियार मल्लापुर, मुन्ना खान आदि मौजूद रहे। सद्भावना मंच के तत्वाधान में शहर के विभिन्न जनसंगठनों ने मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की मुबारकबाद दी और एक दूसरे को गले लगाकर देश में आपसी, सौहार्द, भाईचारे और एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर सद्भावना मंच के प्रधान ओम प्रकाश सैनी, डॉ. रमेश पूनिया, डॉ. हितेश, नरेश गौतम, राजेश बागड़ी, नूर मोहमद, प्रोफेसर अत्तर सिंह, शकुंतला जाखड़, सर्वजीत कौर, विनोद प्रभाकर, ओम प्रकाश माल, पूर्व पार्षद राज हसीना, डेविड विक्टर, अमरदीप खालसा, नरेश गोयल, मनोहर जाखड़, सुरेंद्र सैनी, एडवोकेट विक्रम मित्तल, डॉ. धर्म सिंह आदि शामिल रहे।

हिसार। ईद की मुबारकबाद देते सद्भावना मंच के सदस्य फोटो : हरिभूमि

नव वर्ष उमंग उल्लास का प्रतीक है

छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय में नव संवत्सर पर हवन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय में चैत्र शुक्लपक्ष, नव संवत्सर व नवरात्रों के उपलक्ष्य में हवन- यज्ञ का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. उर्मिला मलिक ने स्टाफ सदस्यों, विद्यार्थियों व ब्रह्मा की भूमिका में प्रोफेसर डॉ राजबीर, संस्कृत विभाग गवर्नमेंट पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज हिसार का स्वागत किया। उन्होंने बताया नव वर्ष उमंग उल्लास का प्रतीक है। इस समय हमें प्रकृति के द्वारा दिए गए संदेश को जीवन में अपनाना चाहिए कि जिस प्रकार वृक्ष के पुराने पत्ते गिर जाते हैं व नव अंकुर उग आते हैं । उसी प्रकार सफलता पाने के लिए नकारात्मकता को दूर हटाकर अपने लक्ष्य निर्धारित कर सकारात्मक के साथ आगे बढ़ना चाहिए। प्रोफेसर डॉ राजवीर ने संपूर्ण विधि विधान के साथ यज्ञ के महत्व व बारिकियों पर प्रकाश डालते हुए हवन संपन्न किया।

हिसार। हवन में आहुति डालती प्राचार्या डॉ. उर्मिला मलिक व अन्य स्टाफ सदस्य

पारितोषिक वार्षिक समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

जनता हाई स्कूल के प्रांगण में पारितोषिक वितरण वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रिंसिपल महेंद्र सिंह पूनियां ने की और संचालन सरोज सोनी ने किया। समारोह में स्कूली बच्चों ने देशभक्ति से ओत प्रोत अपनी अपनी प्रस्तुति मेरा देश रंगीला, नाटक, रागनी व कविता आदि पेश करके समारोह को चार चांद लगा दिए। समारोह में प्रथम स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कार प्रदान करके सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल महेंद्र सिंह पूनियां ने अपने संबोधन में विजेता बच्चों की हौसला अफ़ज़ाई की। इस अवसर पर विज्ञान अध्यापक संदीप कुमार, प्रवीण कुमारी, प्रमिला, रजनी, जय सिंह, कश्मीरी लाल व सोमनाथ आदि मौजूद रहे।

बरवाला। विजेता बच्चों को सम्मानित करते प्रिंसिपल व अन्य फोटो : हरिभूमि

जरूरतमंदों की शादी करवाने को ड्यूटियां लगाई : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की मीटिंग हरियाणा अग्रवाल विकास संगठन व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में जरूरतमंद युवक-युवतियों की शादी की तैयारियों के लिए कमेटियां बनाई गई। हरियाणा अग्रवाल विकास संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 27 अप्रैल को जरूरतमंद युवक-युवतियों की शादियों के लिए ड्युटियां लगाई गई है। जिसमें युवक-युवती के ठहरने, बारात की व्यवस्था, नास्ता, खाने, पंडाल, पानी, वर माला, फेरे करवाने के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। बजरंग गर्ग ने कहा कि युवक-युवतियों के जोड़ो की रेख-देख के लिए भी अलग टीम का गठन किया गया है। शादी व खाने की सारी व्यवस्था महाराजा अग्रसेन भवन हिसार में होगी। कार्यक्रम में कन्याओं का कन्यादान शहर के प्रमुख समाजसेवियों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर अग्रवाल संगठन के जिला प्रधान अनिल सिंगला मंगालीवाला, अग्रोहा धाम वैश्य समाज के जिला प्रधान एन के गोयल, संजग के प्रदेशाध्यक्ष सत्यपाल अग्रवाल, अनाज मंडी जिला प्रधान पवन गर्ग, श्याम मंडल प्रधान सुरेंद्र बागड़ी, श्री श्याम संग परिवार के प्रधान अनिल तनेजा, उप प्रधान दुनीचन्द्र गोयल, रतनलाल बंसल, ओम प्रकाश गोदारा आदि प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें।

हिसार। हरियाणा अग्रवाल विकास संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

बीएस माडर्न स्कूल में साइंस लैबोरेट्री छात्रों को समर्पित

- ऋषि नगर स्थित हनुमान मंदिर बुधला संत स्थान में चल रहे बीएस माडर्न स्कूल में नवरात्रों पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

ऋषि नगर स्थित हनुमान मंदिर बुधला संत स्थान में चल रहे बी.एस.माडर्न स्कूल में नवरात्रों के उपलक्ष्य में बजाज परिवार के सहयोग से स्व. पीडी चौधरी मैमोरियल साइंस लैबोरेट्री की स्थापना कर छात्रों को समर्पित की गई। लैबोरेट्री का शुभारंभ हरीश बजाज, सुरेन्द्र बजाज, मुकेश बजाज एडवोकेट ने अपने परिवार सहित किया। मुख्य अतिथि कहा कि लैबोरेट्री की स्थापना होने से छात्रों को रोजगारपरक शिक्षा हासिल करने में सुविधा होगी और विद्यार्थियों को दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस अवसर पर मंदिर सभा के प्रधान राजकुमार सेतिया, महासचिव टीनू आहुजा, रवि मेहता एडवोकेट, वेद रावल, पवन गिरधर, विकास ठकराल, स्कूल प्रिंसीपल मंजु गांधी, अशोक ग्रोवर, बलदेव ग्रोवर आदि भी उपस्थित रहे।

हिसार। स्व. पी.डी. चौधरी मैमोरियल साईंस लैबोरेट्री का शुभारंभ करते समाजसेवी हरीश बजाज व परिवार के सदस्य।

बादल को प्रदेश सचिव व चिंडालिया को युवा जिला अध्यक्ष बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) की बैठक भावाधस के राष्ट्रीय संचालक वीर राजकुमार कांगड़ा की अध्यक्षता में उनके निवास पर हुई। अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य वीर सतीश भादड़ व प्रदेश मीडिया प्रभारी वीर जेपी बागड़ी थे। बैठक का मुख्य एजेंडा नए पदों पर नियुक्ति करना था। प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा वीर गगनदीप चिंडालिया ने वीर सन्नी बादल को सचिव हरियाणा प्रदेश, वीर मुकेश पिवाल उर्फ बिल्लू को युवा प्रचार सचिव हरियाणा, वीर सुनील चिंडालिया को युवा जिलाध्यक्ष हिसार, वीर विक्रम भादड़ को युवा जिला उपाध्यक्ष, वीर विरेन्द्र टांक युवा सहसचिव, वीर बलराम उर्फ कौना को जिला उपाध्यक्ष, वीर संदीप टांक जिला ओडिटर, शहरी अध्यक्ष वीरश्रेष्ठ अशोक सुनसुना अनार्य को जिला कोषाध्यक्ष, वीर दीपक वाल्मीकि को शाखा अध्यक्ष भारत नगर हिसार नियुक्त किया गया।

हिसार। बैठक में उपस्थित संगठन के नवनियुक्त पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

सरेआम सट्टा खाईवाल करते एक काबू, 38,300 रुपये बरामद

हांसी। सीआईए स्टाफ पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाल करते हुए एक आरोपी को काबू किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे 38,300 रुपए बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपी की पहचान हनुमान कालोनी निवासी संदीप के रूप में हुई है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस को सूचना मिली थी की पटेल चौक के नजदीक एक युवक सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहा है। इस सूचना के आधार पर सीआईए की टीम का गठन कर मौके पर भेजा गया जहां सीआईए की टीम सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहे हनुमान कालोनी निवासी संदीप को 38,300 रुपए की नगदी सहित गिरफ्तार करके रुपए को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी को काबू कर लिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 8814999173, 9253681005

आयोजन भारतीय संस्कृति में नवरात्र का विशेष महत्व : संतोषी माता

श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में आध्यात्मिक प्रवचन सुनने को दूसरे दिन भक्तों का लगा तांता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भारत एक धर्म परायण देश है और इसकी संस्कृति की सराहना पूरे विश्व में की जाती है। भारतीय संस्कृति में नवरात्र का विशेष महत्व है। नवरात्र में मां भगवती के नौ रूपों की पूजा व उपासना की जाती है।

यह बात शक्ति उपासना ट्रस्ट हरिद्वार की संस्थापक अध्यक्ष महामंडलेश्वर संतोषी माता ने मॉडल टाउन स्थित श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में नवरात्र के द्वितीय दिवस पर आध्यात्मिक प्रवचन करते हुए कही। उन्होंने बताया कि ब्रह्मा जी ने जब सृष्टि का निर्माण किया तो वर्ष के प्रथम नौ दिन मां भगवती के पूजन व पाठ के लिए निर्धारित किए, जो कि संवतसर नवरात्र के नाम से विख्यात हैं। जिनमें जगत जननी जगदंबा की उपासना करके समाज के सर्वसुख व संपन्नता की कामना की जाती है। नवरात्र में व्रत रखने के महत्व को समझाते हुए माता श्री ने बताया कि चैत्र व आश्विन के नवरात्र ऋतु परिवर्तन के समय आते हैं। मौसम बदलने के समय मनुष्य शरीर में रक्त विकार उत्पन्न होते हैं व कई बीमारियां जन्म लेने लगती हैं। उन्होंने कहा कि मौसम बदलने के समय व्रत रखने अर्थात फलाहार करने से इन बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इससे पूर्व सुबह के समय हरिद्वार से पहुंचे 11 वैदिक विद्वानों द्वारा नवरात्र पूजा पर बैठे 15 यजमानों को विधि विधान से मां भगवती पूजन करवाया व संसार के कल्याण के लिए श्री दुर्गा सप्तसती का पाठ किया। माता श्री के व्यास पीठ को सुशोभित करने पर उद्योगपति एवं आश्रम कमेटी के उपप्रधान मदनलाल गोयल ने तिलक करके व माला अर्पण करके माता श्री का स्वागत किया।

हिसार। श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में प्रवचन करती महामंडलेश्वर संतोषी माता ।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर दयानंद जिंदल, हेमराज यादव, कृष्णा गुप्ता, सुनीता गर्ग व संतोष नारंग ने भी माता श्री को माला अर्पण करके आशीर्वाद ग्रहण किया। इस दौरान राजमल काजल, लोकनाथ सिंगल, रमेश चुघ, सुभाष बंसल, अशोक बंसल, सुशील बुडाकिया, अनिल मेहता व राकेश नारंग सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

अमेरिका की यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर ने भारतीय छात्रों को किया जागरूक

नारनौंद। छात्र अपना भविष्य संवारने के लिए विदेश में जाकर पढ़ाई कर रहे लेकिन कुछ लालची लोग अपने फायदे को लेकर छात्रों को झांसे में लेकर उनको ठगने का काम करते है। हमें ऐसे लोगों से बचना होगा। उक्त शब्द कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी फ्रेजनो के वाइस चांसलर एडीवेस्ट ने यारी इंटरनेशनल संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को जागरुक करते हुए कहे। उन्होंने बताया कि छात्रों को अपना भविष्य संवारने के लिए पढ़ाई करना सबसे जरूरी है। जो छात्र भारत से अमेरिका में पढ़ाई करने लिए जाते हैं। उनका सबसे पहले ऐसे व्यक्ति को चुनना होगा।